हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

12 मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान और भुगतान के दावे फेल : गर्ग



12 ईवीएम तथा वीवीपैट्स मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन करवाई



## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी

**सिरसा।** कीर्तिनगर निवासी व्यक्ति की निजी पैलेस के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में कीर्तिनगर निवासी विवेक ने बताया कि वह शाम को एक शादी समारोह में बाइक लेकर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उधर, अग्रसेन कॉलोनी में एक मकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई है।

### पटौदी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए क्रिकेट ट्रॉयल 1 मई से

**सिरसा।** सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने बताया कि बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहन देने के लिए 2024 की सिरसा क्रिकेट टीम की पटौदी ट्रॉफी टूर्नामेंट के चयन के लिए ट्रॉयल शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम, सिरसा में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रॉयल 1 मई 2024 बुधवार को प्रातः 7 बजे होंगे। डॉ. वेद बैनीवाल ने कहा कि पटौदी ट्रॉफी टूर्नामेंट हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में करवाए जाते हैं।

### खेत में लगी आग, 50 एकड़ गेहूं का भूसा जला

**सिरसा।** जिला गांव कुस्सर में एक किसान के खेत में आग लगने से आस पास के खेतों सहित करीब 50 एकड़ गेहूं का भूसा जलकर राख हो गया। गांव कुस्सर निवासी किसान आसानंद ने बताया कि उसके खेत में कम्बाइन से गेहूं निकाली हुई थी और तूड़ी के लिए भूसा छोड़ रखा था। जिसमें दोपहर को अचानक से आग लग गई। भूसे से आग की लपटें उठती देखकर उसने तुरंत दमकल विभाग रानियां को फोन कर सूचना दी।

### व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**सिरसा।** ऐलनाबाद रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गईर्। मृतक की पहचान गांव मिठुनपुरा निवासी वेद प्रकाश के रूप में हुई है। ऐलनाबाद रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर लोगों ने रेल की पटरी पर व्यक्ति का शव पड़ा देखकर इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सूचना राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान 40 वर्षीय वेद प्रकाश निवासी मिठनपुरा के रूप में हुई।

### विवि में वेद की वाणी कल्याणकारीः प्रो. सुरेंद्र

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के संस्कृत विभाग में मीमांसा दर्शन की उपयोगिता विषय पर ज्ञान प्रदायक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें दर्शन शास्त्र के ज्ञाता प्रो. सुरेंद्र कुमार सेवानिवृत्त, संस्कृत विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से वेद प्रतिपाद्य धर्म के स्वरूप को समझना, धर्म वास्तव में नैतिकता कर्तव्यों की भूमि कहा गया है।

# पुलिस नहीं लौटा रही ठेकेदार के क्रैश बैरियर, हाइवे पर फ्लाईओवर का काम रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस द्वारा किसान आंदोलन के समय नेशनल हाइवे 9 पर हांसपुर अंडरपास पर से लिए गए भारी भरकम सीमेंटेड पत्थर के बेरिकेड्स (क्रैश बैरियर) वापस न लौटाने के चलते हाइवे पर फ्लाईओवर बनाने का काम रूक गया है। हालांकि अब पंजाब बॉर्डर खोल दिए गए हैं। यहां पर कानून व्यवस्था बेहतर नजर आ रही है। इसके बावजूद पुलिस ने 27 बेरिकेड्स वापस नहीं किए। यही कारण है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कॉन्ट्रेक्टर पूरा नहीं कर पा रहा। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया था। पंजाब के किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए रतिया, टोहाना, फतेहाबाद में रास्ता बंद करते हुए सीमेंटेड पत्थर यानि क्रैश बैरियर लगा दिए थे। पुलिस ने हांसपुर क्रॉसिंग पर बने रहे फ्लाईओवर से कुल 103 क्रैश बैरियर लिए थे। आंदोलन समाप्त होने के बाद पुलिस ने 76 क्रैश बैरियर तो पुलिस ने वापस ठेकेदार को लौटा दिए जबकि अब तक 27 क्रैश बैरियर पुलिस द्वारा वापस नहीं किए गए हैं। बता दें कि सीमेंटेड पत्थर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों तरफ लगाए जाते हैं। हांसपुर फ्लाईओवर पर इन पत्थरों को लगाने के बाद ही आगे काम शुरू हो सकता है लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा इन्हें ठेकेदार को वापस न लौटाने से सारा काम ठप्प होकर रह गया है। इतना ही नहीं, यहां पर काम करने वाली लेबर भी काम ठप्प होने के चलते वहां से चली गई। कुछ दिन पहले ही फ्लाईओवर पुल का काम शुरू हुआ है, लेकिन अब लेबर नहीं मिल रही है। ठेकेदार कम लेबर से ही अपना काम चला रहे हैं।









**फतेहाबाद।** हांसपुर अंडरपास पर बने रहे फ्लाईओवर पर सड़क पर पहले से लगे क्रैश बैरियर व किसान आंदोलन के समय निर्माणाधीन फ्लाईओवर से उठाए गए बेरिकेड्स को पंजाब बार्डर पर रखवाते पुलिस कर्मचारी। (फाइल फोटो) *फोटो : हरिभूमि*

### हाइड्रा मशीन भी खुद की भेजनी पड़ रही

हांसपुर अंडरपास पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर पुल के साइट इंचार्ज अजय का कहना है कि सीमेंटेड पत्थर को खुद के खर्चे पर ही वापस लाना पड़ रहा है। हाइड्रा मशीन भी खुद की भेजनी पड़ रही है। कई सीमेंटेड पत्थर को नुकसान भी हुआ पड़ा है, उस नुकसान की भरपाई वह खुद की जेब से खर्च कर रहा है। साइट इंचार्ज अजय ने बताया है कि एक सीमेंटेड पत्थर की कीमत 50 हजार रुपये हैं और 27 पुलिस के पास है जिसकी कीमत साढ़े 13 लाख रुपये है। अब रतिया व टोहाना में पड़े सीमेंटेड पत्थर जब वे लेने जाते हैं तो वहां के पुलिस कर्मियों कह रहे है कि पहले एसपी ऑफिस से फोन करवाओ। अजय का कहना है कि अब क्या उन्हें खुद के सीमेंटेड पत्थर वापस लेने के लिए अधिकारियों से बात करनी पड़ेगी।

## 302 का केस व मुआवजा का आश्वासन, तीन घंटे बाद खोला जाम

# सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा कार्रवाई से खफा परिजनों ने किया रोड जाम

### डीएसपी ने दिया एक सप्ताह में गिरफ्तारी का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल/टोहाना

जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव जमालपुर शेखां में 21 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में घायल हुए दूसरे युवक ने भी जख्मों का ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया है। हादसे में दो युवकों की मौत होने और अब तक पुलिस द्वारा आरोपी चालक की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। इससे खफा मृतकों के परिजनों व ग्रामीणों ने वीरवार सुबह गांव जमालपुर में रतिया-टोहाना रोड पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। जाम लगने से इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह अवरूद्ध हो गया। रोड जाम करने की सूचना पर डीएसपी शमशेर सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया, लेकिन परिजन नहीं माने। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक पुलिस कार्रवाई नहीं करती, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। बाद में डीएसपी ने इस मामले में एक सप्ताह में आरोपी को गिरफ्तार करने और 302 का केस दर्ज करने व सरकार से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीण शांत हुए और करीब 3 घंटे बाद जाम खोला गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि गांव जमालपुर शेखां निवासी गुरदेव सिंह 21 अप्रैल की शाम को अपने चाचा के लड़के 22 वर्षीय अमन सिंह पुत्र जसवंत सिंह व अमन पुत्र हंसराज नामक दूसरे युवक के साथ घूमने के लिए गया था। जब वह घूमकर रतिया की तरफ से वापस अपने गांव आ रहे थे। रात करीब 9 बजे जैसे ही वे गांव के पास पहुंचे तो इसी दौरान रतिया की तरफ से आ रही एक कार का चालक कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और अमन सिंह व अमन दोनों को पीछे से टक्कर दे मारी। हादसे में दोनों सड़क पर गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था। गुरदेव ने कहा कि दोनों घायलों को टोहाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने अमन सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि अमन पुत्र हंसराज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। हिसार में भी कई अस्पतालों में रेफर किया गया और बुधवार शाम को उसने वहीं पर दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने कहा कि मौत के बाद उन्होंने टोहाना पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए बुलाया तो पुलिस ने गाड़ी न होने की बात कही और उनकी प्राइवेट गाड़ी मंगवाकर वे हिसार आए। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस कार्यप्रणाली और गाड़ी का पता न लगाने के रोष स्वरूप उन्होंने शव को गांव में लाकर जाम लगाया है। मौके पर पहुंचे पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की छानबीन से अज्ञात गाड़ी की शिनाख्त की जा रही है। वह क्रेटा कार थी, लेकिन रात का समय होने के कारण उसके नंबर नहीं पता चल पा रहे। पुलिस अपनी कार्रवाई में जुटी है।





**जाखल।** जमालपुर शेखां में रोड जाम करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*



**जाखल।** जमालपुर शेखां में रोड जाम कर रहे ग्रामीणों से बातचीत करते डीएसपी शमशेर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दम्पति ने साढ़े 21 लाख ठगे, दुबई में फंसा युवक

- पीड़ित की पत्नी ने कहा : आरोपी महिला पुलिस कर्मचारी से लगातार दिलवा रहे हैं धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विदेश जाने के इच्छुक युवाओं के साथ धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे है। ऐसा ही एक मामला जिले के रतिया शहर में सामने आया है। यहां आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर एक दम्पति द्वारा साढ़े 21 लाख की ठगी करने और बाद में पीड़ित को महिला पुलिस कर्मचारी से धमकी दिलवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति दुबई में फंसा हुआ है। उसकी पत्नी ने अब इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। रतिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर रतिया निवासी सीमा रानी ने कहा है कि गांव लाम्बा निवासी राजकौर उसके पति हरपाल सिंह की बहन बनी हुई है। राजकौर का पति गुरजीत सिंह उर्फ हरजीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। सीमा ने कहा कि राजकौर ने उसके पति हरपाल सिंह को वर्क वीजा पर विदेश भेजने की बात कही। उस समय वह खुद दुबई में थी। गुरजीत ने अपनी पत्नी राजकौर के साथ व्हाटसअप पर बात कर हरपाल को आस्ट्रेलिया भेजने की बात कही और यह तय हुआ कि हरपाल को मस्कट से दुबई और उसके बाद आस्ट्रेलिया भेजा जाएगा और 14 लाख रुपये खर्च होंगे। इस पर हरपाल ने 14 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद 22 जून 2023 को आरोपी हरजीत सिंह ने एक वीजा व टिकट के जरिए हरपाल को मस्कट भेजा जहां वह 4-5 दिन रूका और उसके बाद उसे राजकौर के पास दुबई भेज दिया और कहा कि राजकौर वहां से उसे आस्ट्रेलिया भेज देगी। राजकौर 10 दिन बाद ही हरपाल को छोड़कर वापस भारत आ गई। हरपाल दुबई में बिना किसी काम के एजेंटों के पास पड़ रहा। सीमा ने बताया कि हरपाल के साथ एक लड़का रमनजीत सिंह भी गया था।

### भारत आया तो दोबारा दुबई भेज दिया

शिकायतकर्ता सीमा ने कहा कि हरपाल जब भारत आया तो यहां राजकौर व गुरजीत ने हरपाल से साढ़े 5 लाख रुपये अन्य एजेंट के नाम पर ले लिया और दोबारा दुबई से आस्ट्रेलिया भेजने की बात कहकर दुबई भेज दिया। तीन महीने वह दुबई में ही बैठा है। सीमा ने आरोप लगाया कि आरोपी न तो उनके साढ़े 21 लाख रुपये वापस दे रहे हैं और न ही उसके पति को आस्ट्रेलिया भेज रहे हैं और न ही दुबई से वापस बुला रहे हैं। उसका पति दुबई में बुरी तरह परेशान है। आरोपी उसे लगातार धमकियां दिलवा रहे है। हिसार की एक सीआई स्टाफ सिमरन ने भी उन्हें फोन कर धमकाया कि राजकौर को परेशान किया तो उनके खिलाफ कार्यवाही कर देगी। इस पर परेशानी महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में रतिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





**फतेहाबाद।** जेईई मेंस परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### जेईई मेंस में पॉयनियर के 15 बच्चों ने बनाया शानदार रिकार्ड

**फतेहाबाद।** जेईई मेंस परीक्षा में पॉयनियर कन्वेंट स्कूल फतेहाबाद के 4 और विद्यार्थियों के सफलता हासिल करने के साथ 15 विद्यार्थियों ने शानदार परसैंटाइल अर्जित करते हुए सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। केवल क्लास रूम की 2 साल की रेगुलर टीचिंग से इतना शानदार परीक्षा परिणाम न केवल बच्चों, अभिभावकों एवं स्कूल के लिए गर्व की बात है अपितु पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस परीक्षा में तरुण गर्ग 99.16, अर्णव बंसल 94.88, प्रतीक 94.60, मिताली गोयल 91.607, जीत नारंग 88.20, मयंक 88.22, अमीषा 86.64, तमन्ना 86.22, भावना 86.20, खुशबू 85.42, केविन 85.17,अनमोल84.5 व हरमनजोत 96.7 मैथ्स परसैंटाइल प्राप्त कर परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल की है। 15 बच्चों में से 8 बच्चे तरुण, अर्नव, प्रतीक, अमीषा, मिताली, खुशबू, हर्ष व यश एडवांस के लिए योग्य हैं। इन बच्चों को आईआईटी, एनआईटी व देश के शानदार इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिये योग्य हो गए हैं। इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल गीतिका महता, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निमाऱेही एवं डायरेक्टर निशांत निमाऱेही के कुशल नेतृत्व में रोहित जुनेजा, दिलप्रीत सिंह, नवीन व पूरे स्टाफ की अथक मेहनत एवं मार्गदर्शन में अर्जित इस शानदार एवं धमाकेदार सफलता पर स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निमाऱेही एवं चेयरमेन शीलू निमाऱेही ने सभी बच्चों, उन के अभिभावकों में सारे स्टाफ को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जेईई मेंस में स्कॉलर्स स्कूल की राधिका का शानदार प्रदर्शन

- डीईओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल की छात्रा राधिका निझारा पुत्री मुकेश निझारा जेईई मेंस में 96.5 परसेंटाइल लेकर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई कर लिया। स्कूल के केवल चार छात्रों ने यह परीक्षा दी थी जिसमें राधिका ने यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर राधिका के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, स्कूल संरक्षक बनवारी लाल तनेजा, स्कूल प्रबंधक शैलेन भास्कर, प्रिंसिपल ज्योति तनेजा, वाईस प्रिंसिपल डॉ. भावना वशिष्ठ ने राधिका को स्मृति चिन्ह और 5100 रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया। इस अवसर पर राधिका को पढ़ाने वाले सभी फैकल्टी मेंबर्स को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने राधिका, उसके माता पिता, उसे पढ़ाने वाले सभी फैकल्टी मेंबर्स और स्कूल मैनेजमेंट की मुक्त कंठ से सराहना की और कहा कि सिर्फ स्कूल में पढ़ते हुए, बिना किसी एक्स्ट्रा कोचिंग से इस तरह का मुकाम हासिल करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य को पाने की अगर कोई ठान ले और उसे अच्छे पढ़ाने वाले मिल जाएं तो छोटे शहर में रहकर भी सफलता हासिल की जा सकती है। स्कूल प्रबंधक शैलेन भास्कर और संरक्षक बनवारी लाल तनेजा ने कहा कि फतेहाबाद में स्कूल इंटीग्रेटेड कोचिंग की शुरुआत स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल ने तीन वर्ष पूर्व नौवीं कक्षा से की थी जिसका सुखद परिणाम अब इस सफलता के रूप में सामने आया है।





**फतेहाबाद।** छात्रा राधिका को सम्मानित करते डीईओ व स्कूल प्रबंधक।

## घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें

- विश्व मलेरिया दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विश्व मलेरिया दिवस पर स्थानीय नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डा. महेंद्र भादू की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन (हेल्थ) डा. राजेश चोधरी, उप सिविल सर्जन (ट्रेनिंग) डा. विपुल गुप्ता, उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डा. गौरव अरोरा, महामारी अधिकारी डा. संजय कुमार मौजूद रहे। सिविल सर्जन डा. महेंद्र भादू ने आमजन से अपील की कि मलेरिया एक मच्छर जनित बीमारी है। मलेरिया का दूषित ठहरे पानी में पनपता है, इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए पानी को इकट्ठा न रहने दे क्योंकि पानी ठहरेगा जहां मच्छर वहां पनपेगा। इसलिए अपने घरों की टंकियों को पूरी तरह ढक कर रखें। सप्ताह में एक बार टंकियों, कूलरों, गमलों, शौचालयों में पड़े घड़ों, छतों पर पड़े बेकार टायरों, पशु-पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों व अन्य पानी के स्त्रोतों को खाली करे व रगड़कर साफ करें तथा फिर पानी भरें। उन्होंने कहा कि अपने घरों के आस-पास 7 दिनों से 'यादा पानी खड़ा न होने दें। खड़े पानी में मच्छर अंडे देता हैं, जो 7 दिनों में पुनः मच्छर बनकर मलेरिया फैलाता है।





**सिरसा।** नागरिक अस्पताल में विश्व मलेरिया दिवस मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद स्कूल के सभागार में किया

## युवाओं में नैतिक संस्कार पिरोती है संस्कार भारतीः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संस्था संस्कार भारती शाखा सिरसा द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद स्कूल के सभागार में किया गया। इस दौरान संस्कार भारती हरियाणा प्रांत के महामंत्री अभिषेक गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। संस्कार भारती हरियाणा के प्रांत उपाध्यक्ष ओम बहल मुख्यातिथि व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला सिरसा के प्रचारक कमल कुमार विशिष्ट अतिथि थे। स्कूल की छात्राओं द्वारा समूह गीत और हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता अभिषेक गुप्ता ने कहा कि संस्कार भारती का मुख्य उद्देश्य कलाकारों के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम किए जाएं, जिससे युवा पीढ़ी में नैतिक संस्कारों को पिरोया जा सके। उन्होंने कहा कि कला एक आम अभिव्यक्ति को एक विशेष अभिव्यक्ति के रूप में बदलने का कार्य करती है। संस्कार भारती अखिल भारतीय स्तर की एक संस्था है, जो कलाकारों को जिला स्तर से लेकर राष्ट्र स्तर तक अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है और कलाकारों को राष्ट्र के प्रति अपनी कला को समर्पित करने के लिए प्रेरित करती है। मुख्य वक्ता ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शास्त्रीय संगीत के गुरु प्रभाष शर्मा को और हरियाणवी लोक नृत्य के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर भारत भूषण को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी सम्मानित अतिथियों को सम्मानित किया गया।





**सिरसा।** कलाकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### रतिया में मकान के ताले टूटे, लाखों की नकदी चोरी

**रतिया।** चोरों ने रतिया में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपये के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5 रतिया निवासी धर्मवीर सिंह ने कहा है कि 22 अप्रैल को सुबह वह अपने मकान को ताला लगाकर अपने परिवार के साथ बाहर गया था।

### टोहाना कोर्ट से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस टोहाना से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव करन्ड़ी निवासी औमप्रकाश ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से कोर्ट गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को कोर्ट के पास खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### मलेरिया दिवस पर दिया जागरूकता का संदेश

**टोहाना।** सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में मलेरिया दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर बच्चों को मलेरिया के फैलने व इसकी रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या मरियालीन लुईस ने कहा कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से फैलती है जिसमें मनुष्य को सर्दी लगना, उल्टी आना व शरीर का टूटना आदि देखा जाता है। इसके फैलने के प्रमुख कारण अपने आसपास गंदगी का फैलना है।

### योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ

**रतिया।** आगामी 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग के आदेशानुसार योग विशेषज्ञ डॉ. अंबिका पांटा व योग को-आर्डिनेटर डॉ. अजीत के मार्गदर्शन में अयाल्की स्थित व्यामशाला में 75 दिवसीय योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया गया।

### स्कूल में मतदाता जागरूकता कैंप का आयोजन

**फतेहाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन व अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार हांसपुर के राजकीय स्कूल में मतदाता जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण गेरा, कोर्डिनेटर ने प्रार्थना सभा में सभी बच्चों को मतदान के महत्व व मतदान पर्व में छात्रों की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने 25 मई को मतदान पर्व के दिन सभी छात्रों की जिम्मेदारी लगाई कि वे सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### दो महिलाओं को रेल वार्डन नियुक्त किया

**डबवाली।** रेलवे पुलिस व आमजन का सहयोग करने के लिए रेलवे विभाग के पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर दो महिलाओं को रेल वार्डन नियुक्त किया गया है। जीआरपी कार्यालय में चौकी प्रभारी एएसआई चंद्रभान ने पत्रकार से बात करते हुए बताया कि रेल यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और रेलवे पुलिस द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले जागरूकता एवं तलाशी अभियान में यह रेल वार्डन सहयोगी के रूप में कार्य करेंगी।

### वॉलीबॉल खिलाड़ी जसबीर को उपायुक्त ने दी बधाई

**सिरसा।** जयपुर में हाल ही में 29 से 31 मार्च तक आयोजित 12वीं राष्ट्रीय पैरा सीटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने रजत पदक जीता है। हरियाणा की वॉलीबॉल टीम में जिला सिरसा की जसबीर कौर भी शामिल थी। शुक्रवार को वॉलीबॉल खिलाड़ी जसबीर को उपायुक्त आर के सिंह से मुलाकात की। उपायुक्त आर के सिंह ने खिलाड़ी जसबीर कौर को बधाई व शुभकामनाएं दी।

---

### लोकसभा चुनाव व बढ़ती गर्मी को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# हीट वेव से बचाव बारे संबंधित विभाग के अधिकारी करें आवश्यक प्रबंध : डीसी

**पुलिस अधीक्षकों को विशेष निगरानी व सहयोग करने के निर्देश दिए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते उपायुक्त राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा चुनावों व गर्मी के मौसम को देखते हुए उपायुक्त राहुल नरवाल ने वीरवार को अधिकारियों की बैठक ली और दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन के साथ-साथ पशुधन, मवेशियों के लिए पशु कुंड बनाने की तैयारियां व प्रबंध करें, साथ ही उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यापक व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीसी के माध्यम से हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव, चिन्हित अपराध तथा लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों आदि सरकार द्वारा एजेंडा में वर्णित विभिन्न बिंदुओं को लेकर उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को विशेष निगरानी व सहयोग करने के निर्देश दिए गए थे। उपायुक्त राहुल नरवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिला में स्थित सभी पीएचसी/सीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर आमजन के लिए गर्मी से राहत दिलवाने को लेकर दवाइयां, तरल पदार्थ, ओआरएस, बर्फ और बर्फ के ठंडे पानी का प्रावधान, प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में ठंडे पानी को मिट्टी के बर्तनों में संग्रहित करने, सभी एंबुलेंसों और अन्य पीएचसी वाहनों को मरीजों को रेफर करने के लिए चलने योग्य रखने, बिजली कटौती के दौरान पावर बैक अप का प्रावधान, लू से बचाव के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने, गर्मी से संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों को प्रशिक्षित करने, सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में सभी चिकित्सा सुविधाओं सहित सुरक्षा, फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल के लिए उठाए गए कदमों बारे विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने गर्मी में आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को दुरूस्त करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। उपायुक्त ने जिला वासियों से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति जल को व्यर्थ न बहाएं।

### चुनावों में अवैध शराब की बिक्री न हो

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनावों के दौरान जिला में अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। आबकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी इस संबंध में कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों का रिकार्ड भी जांचें। चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के चलते शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाये गये हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भंडारण नहीं होना चाहिए। यदि कोई इस कार्य में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाली अवैध शराब को रोकने के लिए अंतरराज्यीय नाकों पर पुलिस अधिकारियों, एफएसटी और एसएसटी टीमें सभी वाहनों की जांच करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन परमेश सिंह, डीएमसी एवं आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग, पशुपालन उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह, डीएफओ राजेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## कांग्रेस ओबीसी सेल के पदाधिकारियों की नियुक्ति, राजेश वर्मा बने जिला प्रधान



**फतेहाबाद।** कांग्रेस पार्टी हाई कमान ने ओबीसी सेल के पदाधिकारियों की नियुक्तियां की है। इसके तहत फतेहाबाद जिले से बीरबल नेहरा अग्रवाल कॉलोनी, राम निवास जांगड़ा भाटिया कॉलोनी व महेन्द्र सोनी भूना को कांग्रेस बैकवर्ड सेल हरियाणा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है, वहीं राजेश वर्मा शेखुपुर को जिला कांग्रेस बैकवर्ड सेल फतेहाबाद का जिला प्रधान नियुक्त किया है। अपनी नियुक्त पर उक्त चारों पदाधिकारियों ने बैकवर्ड सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह यादव, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा व फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया का आभार प्रकट किया तथा विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहण करेंगे तथा लोकसभा चुनाव में जी जान से अथक मेहनत करते हुए कांग्रेस के हाथ मजबूत करने का काम करेंगे।

## संत निरंकारी भवन में आयोजित शिविर में 152 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान



**सिरसा।** संत निरंकारी सत्संग भवन में वीरवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 152 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह दिन युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण भावनाओं को समर्पित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह व मिशन के अनन्य भक्त प्रताप सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। दिल्ली से आए प्रचारक विनोद खन्ना ने अनमोल वचन प्रस्तुत किए। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंद्र सुखीजा ने बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया, जिसमें मानवता भलाई के लिए रक्तदाताओं ने रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

---

## यदुवंशी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन के दूसरे फेज के परिणामों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 215 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दूसरे फेज में उच्च परसेंटाइल से सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के नौ छात्र ने 99 परसेंटाइल से ऊपर हिमांशु 99.91, विशेष 99.88, रूपेश 99.59, नितिन 99.52, विशेष कुमार 99.31, भूपेंद्र 99.24, मुकुल 99.18, निशांत 99.11 तथा अंशिका 99.09 ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं 95 परसेंटाइल से अधिक सुप्रिया 98.96, दीया 98.81, अक्षय 98.72, नितेश 98.62, निशांत 98.44, तुषांत 98.34, यामिनी 98.16, मनु 98.03, तनिष्क 96.95, डिंपल 97.84, सुधांशु 97.83, संध्या 97.04, गाव्यांशी 96.98, मनन 96.83, तृप्ति 96.78, मानसी 96.74, दक्ष 96.71, दिव्या 96.55, निशिता 96.51, विशांत 96.33, प्रवीन 96.28, विनीता 96.08, तक्षप्रीत 95.79, हर्ष 95.6, मिलन 95.5, कवींद्र 95.46, कपिल 95.46 तथा शुभम 95.14 विद्यार्थी रहे, वहीं 90 परसेंटाइल से अधिक 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिसमें हरिश 94.98, प्रवीन 94.97, निधीश 94.93, उमेश 94.92, अनुज 94.67, कंवरपाल 94.05, तनु 93.94, काजल 93.69, रीतिका 93.44, दीपक 93.42, साक्षी 93.33, विराट 93.13, निशांत 93.13, अंजलि 93.1, अमन 93.06, अर्चित 92.82, शुभम 92.61, मयंक 92.6, अनुज 92.58, रीतिका 92.43, सचिन 92.28, कोमल 92.15, आदित्य 92.06, खुशहाल 92 के नाम शामिल रहे।

### जसानियां के ग्रामीण से साढ़े तीन लाख की ठगी

**सिरसा।** जिला के गांव जसानियां निवासी शेर सिंह से ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट में पूंजी दोगुणा करने का झांसा देकर करीब साढे.तीन लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। साइबर थाना सिरसा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव जसानियां निवासी शेर सिंह पुत्र मुरलीधर ने पुलिस में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में बताया कि वह कटरा (जम्मू) में प्राइवेट नौकरी करता है। बीती 7 अक्टूबर 2023 को उसके इंस्टाग्राम पर अनजान व्यक्ति ने मैसेज भेजा कि ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट करने पर पूंजी दोगुणी हो जाएगी। उसने अपनी बातों से उसे झांसे में ले लिया। उस पर विश्वास करके उसने अपने बैंक खातों से उसे पैसे ट्रांसफर कर दिए।

## जेईई मेन में आरपीएस के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर पाया

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 39 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा हैं। विद्यालय के छात्र धुर्वांशु, अनिरूद, तनिषा पूनिया ने केमिस्ट्री में, अमन यादव, धुर्वांशु ने फिजिक्स में व युक्ति गुप्ता एवं अमन यादव ने मेथ्स में 100 पर्सेटाइल प्राप्त किया हैं। इसके अलावा आरपीएस की युक्ति गुप्ता ने 99.98, परसेंटाईल, तनीशा पुनिया ने 99.98 एवं अनुप यादव ने 99.98 परसेंटाईल प्राप्त किया हैं। आरपीएस समूह की युक्ति गुप्ता ने 99.98 परसेंटाइल, तनिषा पुनिया 99.98, अनूप यादव 99.98, अमन यादव 99.95, अनिरुद्ध 99.93, अमन कुमार 99.88, जान्हवी मित्तल 99.86, करुणेश यादव 99.84, यश झा 99.80, आदित्य 99.74, नील यादव 99.72, वंशदीप ने 99.69, उदित्य 99.66, लोकेश 99.61, निशांत 99.60, निशांत फोगाट 99.59, सौरभ पांडे 99.53, चिराग यादव 99.48, सक्षम 99.45, क्रिश 99.44, जतिन यादव 99.43, अंकित 99.42, धवल 99.38, हर्ष 99.38, मुस्कान 99.35, हिमांशु तंवर 99.31, अक्षत 99.31, अमन 99.29, तनवी 99.28, दिपांक 99.19, यमन 99.17, प्रियांशी 99.17, पूजन भाद्वाज 99.16, हर्षित 99.12, धुर्वांशु 99.10, रूपक 99.05, मनमोहन शर्मा 99.03, सक्षम 99.01, तनुज 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

---

## मां में होता है समूची दुनिया का वास



सिरसा। वीरभान मेहता धर्म ध्वजा दिखाकर शोभायात्रा को रवाना करते हुए।

**सिरसा।** कांग्रेस नेता वीरभान मेहता ने कहा कि मां एक ऐसा शब्द है जिसमें समूची दुनिया का वास है और मां ही अपने बच्चों पर अपार स्नेह भी रखती है। वीरभान मेहता वीरवार को नोहरिया गेट स्थित मां पाथरी मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जो शहर के सभी मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस यात्रा को वीरभान मेहता ने धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। वीरभान मेहता का मंदिर में पहुंचने पर मंदिर के मुख्य सेवक राजकुमार परोचा, प्रधान भजनलाल परोचा, रवि परोचा, रमेश सैनी, दीपक कुमार, रवि साई व कुनाल की ओर से स्वागत किया गया और सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी पहनाई गई। मेहता के साथ ओमप्रकाश डाबर, संदीप कुमार, चांदीराम, सोमनाथ कंबोज, हरीश कुमार व मदनलाल आदि मौजूद थे। वीरभान मेहता ने सभी को मां पाथरी देवी मंदिर में हो रहे इस आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में भक्ति के प्रति भी एक खास लगाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं को पूजने और उनके सिमरण करने भर से भी व्यक्ति को तनाव से मुक्ति मिलती है।

## जब्त किए मादक पदार्थों की खेप को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मादक पदाथारें के निस्तारण प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए एडीजीपी डॉ एम. रवि किरण, साथ में है एसपी फतेहाबाद आस्था मोदी, एसपी सिरसा विक्रांत भूषण व एसपी डबवाली सुमेर सिंह।

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण ने वीरवार को हिसार के हुडा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिला में बरामद विभिन्न प्रकार के मादक पदाथारें का स्वयं की देखरेख में निस्तारण करवाया। इस अवसर पर जिला फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, सिरसा पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण तथा पुलिस जिला डबवाली अधीक्षक सुमेर सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि आज दिनभर चली मादक पदार्थ निस्तारण कार्यवाही में फतेहाबाद जिले में बरामद 1085 किलो 290 ग्राम डोडा पोस्त, 22 किलो 841 ग्राम गांजा, एक किलो 524 ग्राम चरस, एक किलो नौ ग्राम 128 मिलीग्राम हेरोइन व 4160 नशीली दवाइयों की खेप का निस्तारण किया है। इन सभी मादक पदाथारें को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार जैविक कचरा उन्मूलन इकाई में नष्ट किया गया है। इन सभी पदाथारें को नष्ट करते समय जीरो कार्बन उत्सर्जन नियामकों की पालना सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर ड्रग निस्तारण कमेटी जिला फतेहाबाद के डीएसपी जयपाल सिंह, एडीजीपी कार्यालय के प्रवाचक रमेश तथा सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट पाईवेट लिमिटेड के प्रबंधक राकेश पांडे सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

## संगीतमयी श्री श्याम कथा के प्रथम दिवस में राजा खट्वांग कथा प्रसंग सुनाया



**रतिया।** शहर के श्रीकृष्ण गौशाला रोड समीप स्थित निर्माणधीन श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में श्री बांके बिहारी महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय संगीतमयी श्री श्याम कथा के प्रथम दिवस में बरवाला से पधारे कथावाचक पंडित पुरुषोतम शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं को राजा खट्वांग की कथा प्रंसग सुनाया। यह प्रंसग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथावाचक ने कहा कि खट्वांग श्रीराम जी के पूर्वज, सूर्यवंशी, धर्म परायण व सत्य का परिपालनकर्ता राजा थे। इनका नाम दिलीप भी था और इन्हें सम्राट भी कहते थे। महाराजा खट्वांग ने ही राजस्थान के मारवाड क्षैत्र में खाटू गांव की स्थापना की थी। फिर खट्वांग जी वंशज ने कृष्ण भगवान की स्थापना की जब से खाटूश्याम जी का मंदिर कहलाने लगा। पूरी पृथ्वी पर इनकी धाक जमा थी। खट्वांग ने देवासुर संग्राम में देवताओं की बडी सहायता की थी। दानवों का संहार किया और उन्हें युद्ध से भगा दिया। महाराजा खट्वांग जी की एक वंश जाति है जिसे खटीक समाज कहते है। कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ विपिन बांसल, हकीकत ढिल्लों पूर्व सरपंच अजीतनगर व राकेश गोयल अकाउंटेंट ने संयुक्त रुप से ज्योति प्रज्ज्वलित करके किया। कथा का समापन प्रभु की पावन-पुनीत आरती के साथ किया गया।

---

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मलेरिया जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

# विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल से मलेरिया जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष व डॉ. सुनीता सोखी द्वारा छात्र/छात्राओं के माध्यम से मलेरिया जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण स्कूलों में जाकर छात्र/छात्राओं को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व लैक्चर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा ऑडियो माइकिंग के माध्यम से भी आम जनता को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रचार व प्रसार किया जा रहा हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष ने छात्र/छात्राओं व उपस्थित लोगों को बताया कि मलेरिया रोग लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। रोगी को बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर रक्त की जांच करवानी चाहिए। यदि जांच में मलेरिया पॉजिटिव आता है तो मूल उपचार 14 दिन का लेना चाहिए। इसका ध्यान रखना अति आवश्यक है कि मलेरिया से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। मलेरिया प्लाजमोडियम कीटाणु के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से फैलता है।

### 2024 में अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं

हरियाणा में मुख्यतः 2 प्रकार के प्लाजमोडियम वाईवैक्स व प्लाजमोडियम फैलसीपरम मलेरिया केस मिलते हैं। 2024 में अब तक नहीं मिला मलेरिया का केस, हर माह चलेगा रैपिड फीवर सर्वे डॉ. विष्णु मितल ने बताया कि जिला में वर्ष 2015 में 107, वर्ष 2016 में 59, वर्ष 2017 में 42, वर्ष 2018 में 2, वर्ष 2019 में 5, वर्ष 2020 में शून्य, वर्ष 2021 में 1, वर्ष 2022 में शून्य, वर्ष 2023 में 2 मलेरिया केस पाये गये थे तथा वर्ष 2024 में अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल से अक्टूबर माह तक हर माह की एक तारीख से लेकर दस तारीख तक रैपिड फीवर सर्वे चलाया जायेगा जिसमें स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई जायेगी तथा सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जायेगी। इसी कड़ी में अप्रैल माह के दौरान जिले में 132651 घरों में रैपिड फीवर सर्वे किया गया जिसमें 2067 बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। मलेरिया व डेंगू से बचाव व जानकारी देने के लिए डोर टू डोर सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न गांवों के 257 तालाबों/जोहड़ों में गंबूजिया मछली डाली गई है। इसके अलावा खड़े पानी में एंटी लार्वा टेमिफोस दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. मेजर शरद तुली, डॉ. सुनीता सोखी, डॉ. विष्णु मितल, सुशील कुमार, रवि कंबोज व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### डबवाली पुलिस ने जब्त किए मादक पदार्थों की खेप को किया नष्ट

**डबवाली।** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने आज हिसार के सेक्टर 27-28 स्थित हुड्डा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में पुलिस द्वारा जिला डबवाली में बरामद विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का स्वयं की देखरेख में निस्तारण करवाया। पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह ने बताया कि आज दिनभर चली मादक पदार्थ निस्तारण कार्यवाही में डबवाली जिले में बरामद ,500 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त, 28 किलो 800 ग्राम गांजा, 5 ग्राम चरस व 2280 नशीली गोलियां तथा 43 बोतल नशीली दवाई तथा अफीम 2 किलो 988 ग्राम की खेप का निस्तारण किया है।

## खबर संक्षेप

### युवक 15 किलो डोडापोस्त सहित काबू

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर में डीएमसी अस्पताल क्षेत्र से एक युवक को 15 किलो 200 ग्राम डोडापोस्त के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा के प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सेल की पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान शहर के डीएमसी अस्पताल क्षेत्र के समीप मौजूद थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर मौका से खिसकने का प्रयास किया।

### बिजली निगम के स्टोर से लाखों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के स्टोर से लाखों का सामान चोरी होने का समाचार है। इस बारे पुलिस ने निगम के एसडीओ की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ संजय श्योराण ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व रात को अज्ञात चोर निगम के स्टोर में घुस गए और वहां से कॉपर कॉयल सहित करीब 1 लाख 36 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए है।

### ढाणी ठोबा से एक व्यक्ति लापता

**फतेहाबाद।** गांव ढाणी ठोबा से एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणी ठोबा निवासी महिला सरबती ने कहा है कि उसका 38 साल का लड़का सतबीर सिंह गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चला गया है और वापस घर नहीं लौटा है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला।

### किरढान में खेत से सोलर पैनल चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव किरढ़ान में एक खेत में लगे सोलर सिस्टम से हजारों रुपये के सोलर पैनल चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि उसने अपने खेत में 10 हॉर्स पावर का सोलर कनैक्शन ले रखा है। उसने करीब 6 महीने पहले ही यह सोलर कनेक्शन लगवाया था। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में लगे सोलर सिस्टम से दो सोलर पैनल चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला।

### हवाई फायरिंग कर युवक को धमकाया, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गुरूनानकपुरा में कुछ युवकों द्वारा हवाई फायरिंग कर एक युवक को धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गुरूनानकपुरा निवासी शमशेर सिंह ने कहा है कि उसकी मोहल्ले के ही जसप्रीत उर्फ जस्सी के साथ दोस्ती है। जस्सी की कुछ दिन पहले जैन्टी नामक युवक के साथ कहासुनी हो गई थी, जिस कारण जन्टी रंजिश रखे हुए थे। जस्सी ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने जस्सी के साथ दोस्ती नहीं छोड़ी तो वह उसे देख लेगा लेकिन उसने जस्सी से दोस्ती नहीं तोड़ी।

## टोहाना अनाज मंडी का दौरा कर व्यापारियों की समस्याएं सुनीं

# मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान और भुगतान के दावे फेल : बजरंग गर्ग

कहा : गेहूं खरीद, उठान और भुगतान के सभी दावे फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने टोहाना अनाज मंडी के दौरे के दौरान व्यापारियों की समस्या सुनने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण अनाज मंडियों से गेहूं का उठान नहीं हो रहा है जबकि अनाज मंडी में लगभग 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं आ चुकी है और लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं मंडियों व खुले में पड़ी है। हरियाणा में कई बार बारिश आने से लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों भीगने के कारण खराब हो चुकी है। सरकार को खराब फसलों का मुआवजा तुरंत प्रभाव से किसानों को देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री के गेहूं खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं जबकि सरकार 72 घंटे में फसल खरीद, उठान व भुगतान करने का दावा कर रही है। किसान गेहूं बेचने के लिए मंडियों में धक्के खा रहे हैं। सरकार की तरफ से ना तो गेहूं खरीद हो रही है ना ही उठान और ना ही भुगतान हो रहा है।



**टोहाना।** अनाज मण्डी में गेहूं खरीद का निरीक्षण करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

सरकार की गलत नीतियों से आढ़ती व किसान बर्बादी के कगार पर है। यह सरकार पूरी तरह से किसान, आढ़ती व मजदूर विरोधी सरकार है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने गेहूं पर आढ़तियों की 10.99 रुपए और धान पर 9.19 रुपए आढ़त कम कर दी है और सरसों, नरमा, बाजरा, मूंग, सूरजमुखी की सरकारी खरीद पर आढ़त खत्म करने के निर्णय से आढ़तियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को हर फसल की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करके 2.5 प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए और सरकार की लापरवाही से गेहूं उठान में देरी के कारण जो घटती आती है, उसका पैसा सरकार को आढ़तियों से ना काटकर सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों व सरकारी ठेकेदारों से रिकवरी करना चाहिए। सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी अनाज मंडियां बंद करना चाहती है और अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर बड़े-बड़े घरानों का कब्जा करने पर तुली हुई है, जो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर टोहाना व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र ठकराल, वैश्य समाज के राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, अनाज मंडी प्रधान जीवन बंसल आदि मौजूद रहे।

### उठान न होने से किसान व आढ़ती परेशान

**रानियां।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां ने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं के उठान को लेकर सरकार द्वारा किए गए दावों की पोल खुल गई है। गेहूं का उठान न होने से मजदूर, किसान व आढ़ती सभी परेशान हैं। हैप्पी रानियां ने जारी बयान में कहा कि स्थानीय रानियां मंडी में गेहूं की आवक 6 अप्रेल से शुरू है और 24 अप्रेल तक मंडी में लगभग 8 लाख बैग की आवक हुई जिसमें से 23 अप्रेल तक हैफेड ने 3 लाख के करीब बैग की खरीद की लेकिन उठान सिर्फ 90 हजार बैग का हुआ। इसी तरह एचडब्ल्यूसी ने 1 लाख 15 हजार बैग की खरीद कर उसमें से सिर्फ 20 हजार बैग का उठान किया गया। उन्होंने बताया कि अनाजमंडी में जो मजदूर रोटी के लिए मजदूरी कर रहे हैं उन्हें रोटी के लाले पड़े हैं क्योंकि उन्हें दिहाड़ी नहीं बन रही।

### किसानों को गेहूं खरीद का 396 करोड़ रुपये का किया भुगतान

**फतेहाबाद।** जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं की खरीद के साथ उठान में भी तेजी लाई गई है। जिला की मंडियों से अब तक 194124 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिये है कि उठान में तेजी लाई जाए ताकि गेहूं की खरीद प्रभावित ना जो और मंडियों में जाम की ना लगे। उपायुक्त ने बताया कि सभी खरीद एजेंसी तय नियम के अनुसार गेहूं खरीद कर रही है। पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला की सभी मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 425801.52 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को सुखाकर ही अनाज मंडी व खरीद केंद्रों में लाए ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिला में अब तक फूड सप्लाई द्वारा 45406 मीट्रिक टन, हैफेड ने 209753 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 154341



**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त आरके सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## ट्रकों व लेबर की संख्या बढाकर गेहूं उठान कार्य में लाएं तेजी

- उपायुक्त आर .के सिंह ने गेहूं के उठान कायारें की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि मंडियों में दिन रात उठान प्रक्रिया चालू रख कर अगले 24 घंटों में मंडियों से गेहूं के उठान में तेजी लाई जाए। इसके लिए ट्रकों व लेबर की संख्या बढाई जाए। उपायुक्त अपने कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों से फसल खरीद व उठान की समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, एसडीएम राजेंद्र कुमार, एसीयूटी आकाश, डीआरओ कप्तान सिंह सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिला की सभी मंडियों में फसल के उठान कार्य में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। अनाज मंडियों में लिफ्टिंग कार्य में लगे ठेकेदारों से लगातार संपर्क में रहें और कार्य में कौताही करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सौ अतिरिक्त ट्रक व सौ लेबर की व्यवस्था करके जल्द से जल्द उठान किया जाए। इस कार्य के लिए जो भी जरुरी व्यवस्था हो, उसको पूरा किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने जिला की अनाज मंडियों में गेहूं उठान कार्य की समीक्षा करते हुए की। उन्होंने कहा कि फसल की आवक के बराबर मात्रा में उठान भी सुनिश्चित किया जाएगा ताकि मंडियों में अव्यवस्था न बनें। उन्होंने कहा कि जरुरत अनुसार गाड़ियों की संख्या बढाई जाए। सभी खरीद एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि जिला की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में प्रतिदिन फसल की खरीद के साथ-साथ उसका उठान भी साथ-साथ अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मौसमी बारिश होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता लिहाजा गेहूं खरीद व उठान के कार्य में लगे कर्मी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें, इस काम में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

## नुक्कड़ नाटक के जरिये किया जागरूक

- क्रेसेंट के बच्चों ने विश्व मलेरिया दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसेंट पब्लिक स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों को मलेरिया के लक्षणों तथा उससे बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के विषय मे जागरूक किया गया। रिद्धिम व जैसीका के मंच संचालन में सिद्धार्थ, समायरा व यशिका ने मलेरिया से बचाव हेतु साफ सफाई रखने से संबंधित विचार प्रस्तुत किये। शाइन तथा पीहू ने अपने व्याख्यान मे मलेरिया के




**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

लक्षणों एवं इससे बचाव के उपायों को विस्तारपूर्वक समझाया। छात्र योग्य ने अपनी कविता 'अपने शहर को मलेरिया मुक्त बनाये, आओ जन-जन में जागरूकता फैलाए' के माध्यम से विद्यर्थियों को जागरूक किया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक के प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि मलेरिया व डेंगू बुखार एक मच्छर जनित बीमारी है एवं इनके मुख्य कारण मच्छरों से बचाव के लिए आसपास सफाई रखने तथा सावधानियाँ बरतने की बहुत आवश्यकता है।

## ईवीएम तथा वीवीपैट्स मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन करवाई

- टोहाना में 227, फतेहाबाद में 237 व रतिया में 224 मतदान केन्द्रों पर डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में जिला की विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ईवीएम तथा वीवीपैट्स मशीनों की प्रथम रेंडमाइजेशन करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि टोहाना विधानसभा में 227, फतेहाबाद विधानसभा में 237, रतिया विधानसभा सेगमेंट में 224 जिला में कुल 688 मतदान केन्द्र है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार प्रथम रेंडमाईजेशन में मतदान केन्द्रों का 115 प्रतिशत बैलेट यूनिट, 115 प्रतिशत कन्ट्रोल यूनिट तथा 128 प्रतिशत वीवीपेट्स मशीनें संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अलॉट हुई है। टोहाना विधानसभा में 227 मतदान केंद्रों के लिए 261-261 बीयू व सीयू तथा 290 वीवीपैट, फतेहाबाद विधानसभा में 237 मतदान केंद्रों के लिए 272-272 बीयू व सीयू तथा 303 वीवीपैट व रतिया विधानसभा में 224 मतदान केंद्रों के लिए 257-257 बीयू व सीयू तथा 286 वीवीपैट अलॉट हुई है। रेंडमाईजेशन उपरान्त हलके वाइज अलॉट हुई मशीनों की सूची पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर करके मशीनों की हलके वाइज सूचियां सभी राजनीतिक दलों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उपलब्ध करवायी गई। उन्होंने बताया कि ईवीएम मशीनों की छंटाई का कार्य 26 अप्रैल से पंचायत राज विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं ईवीएम नोडल अधिकारी द्वारा करवाया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मशीनों की छंटनी का कार्य अपनी निगरानी में करवाएं।



**फतेहाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में ईवीएम की प्रथम रेंडीमाइजेशन के मौके पर मौजूद विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।



**फतेहाबाद।** शक्ति केन्द्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते विधायक दुड़ाराम।

### भाजपा शक्ति केन्द्रों के प्रमुखों की बैठक

**फतेहाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में आज शहरी मंडल के शक्ति केन्द्रों के प्रमुखों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता शहरी मंडल के अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा ने की। विशेष तौर पर भाजपा के जिला महामंत्री अशोक जाखड़ व मंडल प्रभारी भवानी सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन मंडल महामंत्री राजेश जांगड़ा ने किया। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता धरातल पर उतरकर कड़ी मेहनत करें। जनता के बीच जाकर भाजपा के नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं का खूब प्रचार करें। अपने अपने बूथों व शक्ति केन्द्रों पर मतदाताओं को जागरूक करें। लोकसभा चुनावी रण में सभी शक्ति केन्द्र प्रमुख सेनापति के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इस अवसर पर सविता टुटेजा, विजय गोयल, निलांशी शर्मा, नरेश सरदाना, रामकुमार मेहरा, राजेन्द्र प्रजापति, लालचंद गेरा, ज्ञानीराम, राजकुमार सूरा, बनवारी लाल गहलोत, राखी मक्कड़, डा. राकेश शर्मा, रमेश छिरंग, रणजीत ओड, भारती सचदेवा, पंछी ठेकेदार आदि रहे।

## राजनीतिक दलों की उपस्थिति में हुआ ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन

- जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी इसमें किसी प्रकार की कोई आशंका या गलती की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला की सभी पांचों विधानसभा के लिए ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह, सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का रैंडेमाईजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी इसमें किसी प्रकार की कोई आशंका या गलती की संभावना नहीं है। इसी प्रक्रिया के तहत ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन द्वारा निर्धारण किया जाता है। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण करने में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। रेंडमाइजेशन का कार्य विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में करवाया तथा इस प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी की। बैठक में एआरओ सिरसा राजेंद्र कुमार, एआरओ ऐलनाबाद डा. वेद प्रकाश बेनीवाल, एआरओ डबवाली अभय सिंह, एआरओ कालांवाली सुरेश रावेश सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



**सिरसा।** राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।



**फतेहाबाद।** पीओ व एपीओ को ट्रेनिंग देते मास्टर ट्रैनर। *फोटो : हरिभूमि*

### पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों के क्लास रूम प्रशिक्षण शुरू

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय डीपीआरसी हॉल में वीरवार को पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए क्लास रूम प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम एक मई तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 90-90 अधिकारियों के प्रतिदिन तीन बैच बनाकर सभी पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए निपुण किया जाएगा। क्लास रूम प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रैनर गजेंद्र सिंह, रमनदीप, अभिषेक कुमार आदि ने पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव पुस्तिका में दी गई हिदायतों का प्रशिक्षण दिया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के तहत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सामूहिक मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर.के. सिंह ने सिरसा का अभिमान-शत प्रतिशत मतदान के स्लोगन के साथ जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई। इसके अलावा जिला के लगभग 100 से भी अधिक शिक्षण संस्थान वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। जिला के सवा लाख लोगों ने एक साथ मतदान की शपथ ली। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों तथा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जुड़े स्कूली बच्चों व आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 25 मई को हरियाणा में होने वाले मतदान में सौ प्रतिशत मतदान करवाना जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी विभागों द्वारा स्वीप कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 85 वर्ष अधिक उम्र व दिव्यांग जनों को घर से ही मतदान की सुविधा दी जाएगी। मतदाता शपथ कार्यक्रम में जिला सिरसा के स्वीप के ब्रांड एंबेसडर व पैरा एशियाई सिल्वर मेडल विजेता प्रमोद बिजारणिया ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए सभी को अवश्य मतदान करना चाहिए। नागरिक बिना की लोभ, लालच के अपने मनचाहे उम्मीदवार को वोट दें तथा जिला की मतदाता प्रतिशत्ता को शत प्रतिशत बनाएं। इस अवसर





**सिरसा।** मतदान करने की शपथ दिलाते जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह।

## एमएम शिक्षण महाविद्यालय में 'फूड-प्लैनेट-हेल्थ' विषय पर वेबिनार

# पौध आधारित भोजन स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम शिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस व ईएसडीसी यूनिट तथा वीगन आउटरीच नामक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 'फूड-प्लेनेट-हेल्थ' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में वीगन आउटरीच संस्था से अभिषेक दुबे ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया और इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वेबिनार में लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों और फैकल्टी ने भी प्रतिभाग किया। वेबिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अभिषेक दुबे ने विस्तार से भोजन का पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य व प्राणियों पर पड़ने वाले प्रभाव प्रकाश डाला और बताया कि पौध आधारित भोजन से अपनी आवश्यकता के सारे पोषक पदार्थ प्राप्त करके ज्यादा स्वस्थ रहा जा सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन, प्रजातियों के विलुप्तीकरण, जंगलों की कटाई, भुखमरी आदि समस्याओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के वषारें में, बढ़ती संख्या में लोग पौधे-आधारित आहार की ओर स्थानांतरित हो गए हैं। अधिकतर पौधे-आधारित आहार में साबुत अनाज, फलियां, फल, सब्जियां, नट्स और बीजों से बने खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि पोषण संबंधी लाभों के साथ पौधों से प्राप्त खाद्य पदाथारें से भरा आहार पर्यावरण में सुधार के अलावा और भी बहुत कुछ कर सकता है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार के सकारात्मक लाभ भी प्रदान करता है। कॉलेज की एनएसएस यूनिट इंचार्ज डॉ. कमला जोशी व ईएसडीसी क्लब इंचार्ज सुनीता रानी ने वेबिनार से जुड़े सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गए हैं। जबकि पहला सुख निरोगी काया कहा गया है। यदि समय रहते लोगों ने अपनी दिनचर्या में परिवर्तन नहीं किया तो इसके परिणाम गंभीर होंगे।




**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय द्वारा 'फूड-प्लैनेट-हेल्थ' विषय पर आयोजित वेबिनार में भाग लेते वक्ता।

- वेबिनार में लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों और फैकल्टी ने भी प्रतिभाग किया।